तापमान

अधिकतम 27.1 डिग्री
न्यूनतम 5.5 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, गुरुवार, 27 नवंबर 2025




12 सांसद खेल महोत्सव के जरिए खिलाड़ियों...


12 31 स्कूलों के 930 बच्चों को मिलेगी फ्री कोचिंग...


## खबर संक्षेप

### शादीशुदा महिला को किया अगवा

**यमुनानगर।** कस्बा व्यासपुर क्षेत्र से एक व्यक्ति महिला को शादी का झांसा देकर अगवा करके ले गया। पुलिस ने महिला के पति की शिकायत पर आरोपी व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। व्यासपुर क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 24 नवंबर को शाम साढ़े पांच बजे उसकी 28 वर्षीय पत्नी किसी काम से बाहर गई थी। मगर उसके बाद वापस नहीं लौटी। जांच के दौरान उन्हें मालूम हुआ कि उसकी पत्नी को उत्तर प्रदेश के जिला मुजफ्फरनगर के गांव मीरपुर निवासी यश कुमार स्वामी शादी का झांसा देकर अगवा करके ले गया है।

### चौथी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 13 को

**यमुनानगर।** जिला न्यायिक परिसर में 13 दिसंब को चौथी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिसमें आपसी सहमती से लोगों के केसों का निपटारा किया जाएगा। उक्त जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम सुमित्रा कादिया ने दी। प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम सुमित्रा कादियान ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में आपराधिक मामले, बैंक रिकवरी केस तथा पुनः परीक्षण लाभ से संबंधित सेवा मामले और राजस्व व अन्य सहायक मामले जो कि सुलझाने योग्य हैं अदालत में लिए जाएंगे।

### धोखाधड़ी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना नग्गल में दर्ज कबूतरबाजी के मामले में पुलिस ने आरोपी कप्तान सिंह उर्फ ताना को गिरफ्तार किया है। गांव महमूदपुर के जसविंद्र सिंह ने 22 अप्रैल 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 1 जून 2021 से 11 मई 2023 के दौरान आरोपी कप्तान सिंह व अन्य ने उसकी पुत्रवधु को विदेश भेजने के मामले में उससे एक बड़ी रकम हड़पने का आपराधिक कार्य किया है।

### पुलिस ने वांछित आरोपी को दबोचा

**अंबाला।** थाना अंबाला सदर में दर्ज छीनाझपटी मामले में वांछित आरोपी रिपिन कुमार उर्फ रिपन को अदालत ने पीओ घोषित किया गया था। इस मामले में पुलिस ने आरोपी को काबू किया है। प्रबंधक थाना अंबाला सदर उप निरीक्षक शंभू लाल ने बताया कि आरोपी के खिलाफ वर्ष-2020 में छीनाझपटी का मामला दर्ज हुआ था।

*गीता की जन्मस्थली पूरे विश्व में ज्ञान का प्रकाश दे रही हरियाणा के गौरवमयी इतिहास को प्रदर्शित करती प्रदर्शनी का अवलोकन किया*

### मुख्यमंत्री ने अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में राज्यस्तरीय प्रदर्शनी का किया उद्घाटन

# सरकार की विकासात्मक उपलब्धि हरियाणा को अग्रणी राज्यों में दे रही पहचान : सैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा प्रदेश गौरवशाली इतिहास के साथ विकासात्मक स्वरूप का प्रत्यक्ष उदाहरण है। जहां गीता की जन्मस्थली पूरे विश्व में ज्ञान का प्रकाश दे रही है, वहीं हरियाणा सरकार की विकासात्मक उपलब्धि देश के अग्रणी राज्यों में हरियाणा को अतुलनीय पहचान दे रही है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बुधवार को अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग की राज्यस्तरीय प्रदर्शनी का उद्घाटन करने के उपरांत अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। इस दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने राज्यस्तरीय प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इसके उपरांत मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने



कुरुक्षेत्र। राज्यस्तरीय प्रदर्शनी का उद्घाटन करते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी। फोटो : हरिभूमि

ब्रह्मसरोवर पुरुषोतमपुरा बाग में राज्यस्तरीय प्रगतिशील हरियाणा प्रदर्शनी का अवलोकन किया। जनसंपर्क विभाग हरियाणा द्वारा तैयार प्रगतिशील हरियाणा राज्यस्तरीय प्रदर्शनी में हरियाणा सरकार की पिछले 11 वर्षों सहित इस कार्यकाल की अभी तक की उपलब्धियों को विस्तार से देखा और कहानी, अभिलेख व तस्वीरों की जुबानी की प्रदर्शनी को देखते हुए हरियाणा के गौरवमयी इतिहास सहित हरियाणा की विकास योजनाओं को प्रदर्शित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस प्रदर्शनी में सभी मेहमानों ने हरियाणा सरकार की विभागीय विकासात्मक उपलब्धियों व जनसेवा को समर्पित विकास योजनाओं को लेकर लगाई गई स्टॉल का भी अवलोकन किया।

शहीदी स्मारक के निदेशक डॉ. कुलदीप सैनी ने प्रदेश के गौरवमयी इतिहास के साथ ही 11 साल में बदलते हरियाणा के विकासात्मक पहलुओं को दर्शाती प्रदर्शनी में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को अन्य विकासोन्मुखी रूपरेखा से अवगत कराया। उन्होंने प्रदर्शनी के बारे में अन्य अतिथिगणों को भी विस्तार से जानकारी दी।

### पर्यटकों की पहली पसंद बन रहे खादी वस्त्र

अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में देश के दूसरे राज्यों से गीता जयंती महोत्सव में जहां एक ओर शिल्पकार अपनी हस्तकला का प्रदर्शन कर रहे है, वहीं ब्रह्मसरोवर के उत्तर दिशा के पावन घाट पर स्टाल नंबर 676, 677, 679 से 686 तक खादी ग्रामोद्योग बने वस्त्रों की झलक देखने को मिल रही है। इन स्टॉलों पर खादी से बने वस्त्रों की पर्यटक जमकर खरीदारी कर रहे है। स्टॉल नंबर 686 पर खादी के वस्त्र व 685 पर हर्बल मेहंदी, शैम्पू, खादी से तैयार जैकेट बिक्री के लिए रखे गए है। अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में लगे खादी स्टॉल्स पर बातचीत करते हुए जिला खादी एवं ग्रामोद्योग अधिकारी प्रमोद कुमार पालीवाल ने बताया कि इन स्टॉलों पर हरियाणा खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड की तरफ से तैयार उत्पादों को बिक्री के लिए लाया गया है। आमजन के लिए 25 प्रतिशत तथा जबकि सरकारी कर्मचारियों द्वारा इन उत्पादों की खरीद पर 30 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है। इन स्टॉल पर रखे वस्त्र खादी कपड़े से ही बनाए जाते हैं और इन वस्त्रों को स्वयं तैयार किया जाता हैं। खादी से बने यह वस्त्र सर्दियों में गर्म और गर्मियों में ठंडे रहते है। इन वस्त्रों को पहनने से शरीर के किसी भी भाग को कोई नुकसान नहीं होता। अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में कॉटन, खादी के कपड़े और उन से बने खेस, चादर, जर्सी, जैकेट, कोट व कुर्ता पजामा का कपड़ा लेकर आए है। नैचुरल पदार्थो से बनी धूपबत्ती, नेचुरल शहद, लीची, नीम, लैदर शुज, चप्पल, साबुन, प्राकृतिक आंखों की दवा सहित अन्य उत्पाद उपलब्ध करवाएं गए है। प्रदेश सरकार सौर उर्जा को लेकर काफी गम्भीर है। नागरिकों में सौर ऊर्जा के प्रति रूचि को बढाने के लिए हरियाणा खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड ने अपना विशेष स्टॉल भी लगाया है।

### ब्रह्मसरोवर के घाटों पर विभिन्न राज्यों की लोक संस्कृति ने मचाया धमाल

अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव-2025 में ब्रह्मसरोवर के घाटों पर विभिन्न राज्यों की लोक संस्कृतियों ने धमाल मचाया है। इन राज्यों के कलाकारों ने अपने-अपने प्रदेश की लोक संस्कृति की छटा बिखेर कर पर्यटकों का मन मोह लिया है। इस लोक संस्कृति से ब्रह्मसरोवर की फिजा विभिन्न प्रदेशों की संस्कृति से रंग गई है। इन तमाम प्रस्तुतियों को उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक कला केन्द्र पटियाला की तरफ से प्रस्तुत किया जा रहा है। उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक कला केन्द्र के अधिकारी भूपेंद्र सिंह ने कहा कि एनजेडसीसी की तरफ से आमंत्रित किए कलाकारों में हिमाचल प्रदेश के कलाकार पूजा और घट नृत्य, जम्मू कश्मीर के कलाकार धमाली नृत्य व देकू भद्रवाही कुड व रुमाल नृत्य, पंजाब का झूमर व मालवाई गिद्दा, राजस्थान का चारी, उतराखंड के कलाकार पांडव नृत्य, मृध्य प्रदेश का गंगौर व पांथी नृत्या, झारखंड का पायका नृत्य, उड़ीसा का संभालपूरी नृत्य सहित राजस्थान के कच्ची घोड़ी नृत्य, ढेरु गाथा गायन आदि की प्रस्तुति दी जा रही है। इन सभी लोकनृत्यों में कलाकारों ने अपने-अपने प्रदेश की संस्कृति, लोक गायन कला और अपने रीति-रिवाजों को दशार्ने का अनोखा प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि एनजेडसीसी की तरफ से आमंत्रित किए गए यह कलाकार 5 दिसंबर 2025 तक अपनी प्रस्तुति देंगे। इन कलाकारों में जम्मू कश्मीर का कुड व राउफ नृत्य,



पंजाब का भांगड़ा व जिंदवा, हिमाचल प्रदेश का सिरमौरी नाटी, उतराखंड का छपेली/घसीयारी नृत्य, राजस्थान का सावंरिया सवांग, गुजरात का सिद्दी धमाल, उत्तर प्रदेश के बरसाना की होली, छतीसगढ़ का पांडवानी गायन, मणीपुर का लाई हरोबा व मणीपुरी रास, झारखंड का पुरलिया छाउ, उड़ीसा का गोटी पुआ नृत्य के साथ-साथ राजस्थान के कच्ची घोड़ी, बाजीगर, बहरुपिए आदि नृत्यों की प्रस्तुति भी महोत्सव में देखने को मिल रही है। इस महोत्सव को विभिन्न प्रदेशों की लोक कला से रंगने का काम इन कलाकारों द्वारा किया जा रहा है।

### पैनोरमा एवं विज्ञान केन्द्र ने लगाई विज्ञान प्रदर्शनी

कुरुक्षेत्र पैनोरमा एवं विज्ञान केन्द्र, कुरुक्षेत्र ने ब्रह्मसरोवर पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव 2025 में 750 नंबर स्टॉल पर विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया हुआ है। प्रदर्शनी में एक और विशेष सेक्शन स्पेस साइंस प्रदर्शनी को शामिल किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रो. बी. वी. रामाना रेड्डी, निदेशक, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान कुरुक्षेत्र द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। प्रो. रेड्डी ने प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए कहा कि भारतीय आध्यात्मिकता और आधुनिक विज्ञान का यह अद्भुत संगम हमारी सांस्कृतिक शक्ति, तार्किक विवेक और गहन ज्ञान-परंपरा का सशक्त उदाहरण है। गीता महोत्सव जैसे सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक मंच पर विज्ञान की उपस्थिति बच्चों और युवाओं में वैज्ञानिक जिज्ञासा को बढ़ावा देगी। उन्होंने आगे बताया कि स्पेस साइंस प्रदर्शनी में प्रदर्शित रॉकेट प्रोपल्शन मॉडल, टेलीस्कोपिक विजन, सैटेलाइट तकनीक, ग्रह-उपग्रह संरचना, भारतीय अंतरिक्ष मिशनों (चंद्रयान, मंगलयान) के मॉडल, तथा इंटरैक्टिव गतिविधियां आगंतुकों को अंतरिक्ष विज्ञान की मूल अवधारणाओं से जोड़ने का उत्कृष्ट माध्यम हैं। ये मॉडल बच्चों में भविष्य के वैज्ञानिक अनुसंधान की प्रेरणा जगाएंगे। कार्यक्रम के हेड एवं प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर सुरेश कुमार सोनी ने कहा कि कुरुक्षेत्र डेवलपमेंट बोर्ड की प्राथमिकता के अंतर्गत गीता ज्ञान के साथ-



साथ विज्ञान को भी महत्त्वपूर्ण स्थान दिया गया है, जिसके लिए उन्होंने केडीबी के प्रति आभार व्यक्त किया। इसी लक्ष्य को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष प्रदर्शनी में स्पेस साइंस आधारित इंटरैक्टिव एक्सपेरिमेंट्स, रॉकेट एवं टेलीस्कोप मॉडल, सैटेलाइट प्रणाली, ग्रह-नक्षत्र मॉड्यूल और अंतरिक्ष मिशन मॉडल प्रदर्शित किए गए हैं, जिससे आगंतुक केवल देख ही नहीं, बल्कि विज्ञान को अनुभवात्मक रूप से समझ सकें। उन्होंने कहा कि स्पेस साइंस सेक्शन का उद्देश्य बच्चों व परिवारों को विज्ञान के करीब लाना, जिज्ञासा जगाना और उन्हें नवाचार की ओर प्रेरित करना है।

## मानसिक परेशानी के चलते सैलून संचालक ने फंदा लगाकर दी जान

- मृतक पिछले कई दिनों से चल रहा था परेशान

**यमुनानगर।** शहर के जोगिंद्र नगर क्षेत्र में एक सैलून संचालक ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक पिछले कई दिनों से मानसिक परेशान चल रहा था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को सौंप दिया। शहर के मोहल्ला जोगिंद्र नगर निवासी सुनील जो कि घर के पास में ही सैलून शॉप चलाता था। सुनील पिछले कुछ दिनों से मानसिक रूप से परेशान था। वह अक्सर चुप-चुप रहता था। परिजनों ने कई बार उससे पूछने का भी प्रयास किया लेकिन उसने कुछ नहीं बताया। परिजनों ने बताया कि अन्य दिनों की तरह वह रात को भी खाना खाकर अपने कमरे में सोने के लिए चला गया लेकिन सुबह जब वह कमरे से बाहर नहीं निकला तो परिजनों ने उसे आवाज दी लेकिन अंदर से कोई जवाब नहीं आया। परिजनों ने खिड़की से झांका तो देखा कि सुनील चुन्नी के फंदे पर लटका हुआ है। जिसे देख उनके पैरों तले से जमीन खिसक गई। शोर मचा तो आसपास के लोग भी आ गए और कमरे के दरवाजे की कुंडी तोड़ कर दरवाजा खोला गया और फंदे पर लटके सुनील को उतार कर सिविल अस्पताल ले गए। चिकित्सक ने चेक कर फस्ट एड दिया लेकिन उसकी जान नहीं बची और चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# शराब पीने से मना करने पर बेकरी व्यवसायी को मारे चाकू

- आरोपियों पर 12 हजार रुपये व मोबाइल लूटने का भी आरोप
- पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ किया केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

शराब पीने से मना करने पर एक बेकरी व्यवसायी को उसके ही पड़ोसियों ने चाकू से गोदकर जख्मी कर दिया और उसका मोबाइल व 12 हजार रुपये छीन लिए। पुलिस ने पीड़ति की शिकायत पर तीनों आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

पुलिस को दी शिकायत में बेकरी व्यवसायी प्रवीन ने बताया कि वह बेकरी का काम करता है और उसके पास दो बच्चे हैं। शाम को जब वह बेकरी का सामान सप्लाई करके वापिस लौट रहा था, तो जेल चौक के पास शाम करीब साढ़े छह बजे उसे उसके पड़ोसी अंकित ने उसे रोका और शराब पीने की पेशकश की। उसने देखा कि मौके पर बनी एक छान में अंकित, अमित व मनी शराब पी रहे थे। ऐसे में अंकित ने उसे पैग डालकर देने की कोशिश की, लेकिन उसने पीने से मना कर दिया। ऐसे में अंकित एक दम से तैश में आ गया और गाली गलौज करने लगा। ऐसे में बाकी दोनों भी अंकित के साथ खड़े हो गए और तीनों ने उसे गालियां देते हुए पकड़ लिया और थप्पड़, मुक्के व लातें मारनी शुरू कर दी। ऐसे में आरोपियों ने उसे नीचे गिरा दिया और अंकित ने चाकू लेकर उसके पेट, छाती, कमर व बाजू पर कई वार किए।

आरोपियों से जान बचाकर वह खेतों की तरफ भागा, लेकिन उन्होंने उसे वहां पर भी पकड़ लिया और जमीन पर गिराकर मारपीट करते हुए उनकी टीशर्ट फाड़ दी। प्रवीन का कहना है कि इस दौरान आरोपियों ने उसकी जेब से 12 हजार रुपये कैश व एक मोबाइल फोन भी लूट लिया। जब वह आरोपियों से अपनी जान बचाने के लिए भाग रहा था, तो वे उसे जान से मारने की धमकी दे रहे थे। इसके बाद वह आरोपियों के चंगुल से किसी तरह बचकर निकला और किसी राहगीर की मदद से अपने घर पर फोन कर सारी वारदात के बारे में बताया। उसका भतीजा व पत्नी मौके पर पहुंच गए और उसे अस्पताल लेकर गए।

**आरोपियों को जल्द किया जाएगा गिरफ्तार**

मामले में जांच अधिकारी तरसेम कुमार ने बताया कि शिकायत के आधार पर तीनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। जल्द ही उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा।



अंबाला। दुकान के बाहर रखे सामान को लात मारता एसएचओ। फोटो : हरिभूमि

# दुकान के बाहर रखे सामान को एसएचओ ने लात मारकर गिराया, सीसीटीवी कैमरे में हुआ कैद

- एसपी बोले घटना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण जांच के बाद होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

अंबाला कैंट थाने के एसएचओ दुकान के बाहर रखे सामान पर लात मारते कैमरे में कैद हो गए। एसएचओ ने हाथ मारकर दुकान के बाहर रखा सामान गिरा दिया। इसके कारण बैटरी के पानी की बोतलें गिर गईं। रैक भी टूट गया। राय मार्केट में हुई पूरी घटना को एसपी अजीत सिंह शेखावत ने दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। उन्होंने कहा कि मामले में जरूरी दिशा निर्देश जारी किए जाएंगे। साथ ही कार्रवाई की जाएगी। राय मार्केट में ईशान इन्वर्टर बैटरी की दुकान चलाने वाले विजय सभ्रवाल ने बताया कि वे 70 साल के हैं। उसने बताया कि 24 नवंबर की दोपहर डेढ़ बजे वह दुकान में ही लेटकर आराम कर रहा था। एसएचओ सुरेंद्र सिंह ने दुकान के बाहर रैक पर रखी बैटरी की पानी की बोतलें लात मारकर गिरा दीं। इसके बाद वहां से चुपचाप चले गए। साइड की दुकान के युवक ने आकर बताया कि एसएचओ सामान गिराकर चला गया। जब तक उठकर बाहर आया तो एसएचओ जा चुका था। पूरी घटना दुकान के अंदर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। फुटेज में दिखाई दे रहा है कि डेढ़ बजे एसएचओ अकेले दुकान के सामने आते हैं। वह दुकान के अंदर देखने के बाद बाहर रखे रैक को लात मारते हैं। एसएचओ दोबारा अंदर देखते हैं। जब कोई नहीं दिखाई देता तो वह हाथ मारकर रैक गिरा देते हैं।

### पुलिस जांच पर उठाए सवाल

# ठगी की शिकार महिलाएं फिर एसपी ऑफिस पहुंची

*महिलाओं को ठगी का शिकार बनाकर फरार हुए तीन आरोपी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

साजिशन धोखाधड़ी कर फरार हुए आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर बुधवार को फिर ठगी की शिकार महिलाएं एसपी ऑफिस पहुंच गई। दर्जनों महिलाओं ने आरोपियों को जल्द काबू करने की मांग की है। महिलाओं ने अब तक हुई पुलिस की जांच पर रोष जताया है। महिलाओं का आरोप है कि इतने बड़े घोटाले की शिकायत होने के बावजूद पुलिस की कार्रवाई बेहद धीमी है। उनका कहना है कि केस दर्ज होने के दो सप्ताह बीत चुके हैं लेकिन मुख्य आरोपी जटवाड़ की पूजा, उसका पति विक्रम और देवर योगेश अब तक फरार हैं। महिलाओं ने कहा कि यह कोई साधारण धोखाधड़ी नहीं बल्कि एक संगठित और योजनाबद्ध ठगी नेटवर्क है जिसमें 1500 से ज्यादा महिलाएं फंस चुकी हैं। पिछले सप्ताह भी महिलाओं ने एसपी कार्यालय के बाहर धरना दिया था। एसपी अजीत सिंह शेखावत ने बताया कि पुलिस की कई टीमें दबिश दे रही हैं और जल्द



अंबाला। एसपी ऑफिस में जमा महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

ही आरोपी गिरफ्तार किए जाएंगे। इस मामले में शुरुआती शिकायतें अंबाला से सामने आई थीं। धीरे-धीरे इस ठगी नेटवर्क की गूंज कुरुक्षेत्र, कैथल और पंचकुला तक पहुंच रही है। अब इन जिलों की कई महिलाएं भी आगे आकर शिकायत दर्ज करा रही हैं। महिलाओं ने बताया कि शुरुआत में आरोपी पूजा ने उन्हें हर महीने 2 हजार रुपए की इनकम देने का लालच दिया। भरोसा जीतने के लिए शुरुआती महीनों में कुछ महिलाओं को यह रकम दी भी गई। फिर 10 हजार रुपए की आईडी स्कीम चलाई गई, दावा किया गया कि "तीन महीने में 21 हजार रुपए का रिटर्न मिलेगा और 6 महीने बाद 10 हजार रुपए वापस कर दिए जाएंगे। विश्वास बन जाने के बाद बड़ी संख्या में महिलाएं इस धोखे में फंसती चली गईं।

### मंत्री अनिल विज बोले, तीन महीने में होगा कार्य पूरा, टांगरी नदी तल को आठ फुट गहरा किया जाएगा

# टांगरी नदी को गहरा करने के लिए मिट्टी निकालने का कार्य शुरू

*11 फुट का तटबंध बनाया जाएगा ताकि निचले इलाकों में पानी न आए*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

टांगरी नदी को गहरा करने के लिए तल से मिट्टी निकालने का कार्य फिर शुरू हो गया है। यह कार्य पहले भी शुरू हुआ था लेकिन तब कुछ रुकावटों की वजह से काम बंद हो गया था। मंत्री अनिल विज ने कहा टांगरी नदी तल को आठ फुट गहरा किया जाएगा। 11 फुट का तटबंध बनाया जाएगा ताकि निचले इलाकों में पानी न आए। मंत्री ने बुधवार को चंदपुरा पुल पर टांगरी नदी तल में



अंबाला। कारपेटिंग के कार्य का मुआयना करते मंत्री अनिल विज।

प्रारंभ हुए मिट्टी की खुदाई (डि-सिल्टिंग) के कार्य का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मौके पर मौजूद सिंचाई विभाग के अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। विज ने बताया कि नदी तल में से मिट्टी निकालने का कार्य तीन एजेंसियों को सौंपा गया है। पहली एजेंसी रामगढ़ माजरा से जगाधरी रोड टांगरी पुल तक कार्य करेगी, दूसरी एजेंसी जगाधरी रोड से शाहपुर तक और तीसरी एजेंसी गांव शाहपुर से दुराना तक मिट्टी निकालने का कार्य करेगी। उन्होंने बताया कि पहली एजेंसी ने रामगढ़ माजरा से जगाधरी रोड तक काम शुरू कर दिया है। शेष एजेंसियां भी जल्द कार्य शुरू करेंगी जिसके लिए सैंपलिंग हो रही है। उन्होंने बताया कि नदी तल से मिट्टी निकालने से आने वाली बाढ़ से होने वाली बर्बादी से बचा जा सकेगा। उन्होंने बताया कि लगभग तीन माह में कार्य को पूरा खत्म करने का लक्ष्य रखा गया है। गौरतलब है कि नदी तल को गहरा करने के लिए सिंचाई विभाग द्वारा खुदाई का कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर भाजपा नेता जसबीर सिंह जस्सी, भरत कोछड़, फकीरचंद सैनी, मदनलाल, संजीव अत्री, गुरपाल माजरा, रवि जाट, विकास चौहान व अन्य मौजूद रहे।

### जीटी रोड तक बनेगी सड़क

श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि अंबाला के टांगरी बांध रोड पर गांव रामगढ़ माजरा से महेशनगर पंप हाउस तक रोड की कारपेटिंग का कार्य किया जा रहा है। इसी रोड को आगे घसीटपुर से जीटी रोड तक जोड़ने के लिए नई रोड बनाई जा रही है। इस दौरान विज ने टांगरी बांध रोड पर पीडब्ल्यूडी द्वारा की जा रही कारपेटिंग के कार्य का मुआयना भी किया। टांगरी बांध रोड को आगे घसीटपुर से लेकर जीटी रोड तक जोड़ा जाएगा और इसके लिए नई रोड बनाई जा रही है। उन्होंने बताया कि टांगरी बांध रोड पूर्व में बनने से बांध की ऊंचाई बड़ी है जिस कारण बरसातों के दौरान नदी में रिकार्ड पानी आने के बावजूद भी शहर की ओर पानी नहीं आया और पूरे शहर का बचाव हुआ। रामगढ़ माजरा से जीटी रोड तक रोड पर कारपेटिंग का कार्य चल रहा है। यह कार्य पूरा होने के बाद आगे इस रोड को छह फुट और चौड़ा किया जाएगा। रोड बनाने के कार्य में कोई दिक्कत न हो इसके लिए पुलिस को रोड बनने तक ट्रेफिक डायवर्ट करने को कहा गया है।

### नगर निगम ने बकाया प्रॉपर्टी टैक्स जमा नहीं करवाने वालों के खिलाफ की कार्रवाई

# प्रॉपर्टी टैक्स जमा नहीं करवाने पर नगर निगम ने 3 कॉमर्शियल प्रॉपर्टी की सील

निगमायुक्त ने बकाएदारों को दी कार्रवाई से बचने के लिए टैक्स जमा करवाने की सलाह

नगर निगम का 8 लाख 38 हजार 867 रुपये प्रॉपर्टी टैक्स बकाया होने पर की गई सख्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

नगर निगम यमुनानगर जगाधरी प्रशासन द्वारा प्रापर्टी टैक्स जमा नहीं करवाने वाले बकायादारों की तीन व्यावसायिक संपत्तियों को सील कर दिया है। इन बकाएदारों पर नगर निगम का 8 लाख 38 हजार 867 रुपये प्रॉपर्टी टैक्स बकाया था। नगर निगम द्वारा इन संपत्ति मालिकों को कुछ माह पहले हरियाणा नगर निगम अधिनियम 1994 के तहत नोटिस जारी किया था। नोटिस मिलने के बाद भी इन संपत्ति मालिकों ने प्रॉपर्टी टैक्स जमा नहीं कराया। जिस पर नगर निगम ने अब उनकी संपत्ति सील की है।



यमुनानगर। प्रॉपर्टी टैक्स जमा नहीं करवाने पर बकाएदारों की संपत्ति सील करते हुए नगर निगम के कर्मचारी।

निगमायुक्त महाबीर प्रसाद के निर्देशों पर निगम के क्षेत्रीय कराधान अधिकारी अजय वालिया और जितेंद्र मल्होत्रा की टीम एकता विहार कॉलोनी में पहुंची।

इस दौरान टीम ने प्रदीप कुमार, सुभाष व श्योराम की व्यावसायिक संपत्तियों को सील किया। निगम अधिकारियों के मुताबिक प्रदीप की प्रॉपर्टी पर 2 लाख 61 हजार 360 रुपये, सुभाष की संपत्ति पर 2 लाख 59 हजार 973 और श्योराम की संपत्ति पर 3 लाख 17 हजार 534 रुपये संपत्तिकर बकाया है। संपत्तियां सील करने के साथ ही नगर निगम द्वारा उन पर चेतावनी नोटिस चस्पाया गया। जिसमें नगर निगम की अनुमति के बिना सील से छेड़छाड़ करने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई।

#### एक लाख रुपये से अधिक प्रॉपर्टी टैक्स बकाया होने पर संपत्ति होगी सील

निगमायुक्त महाबीर प्रसाद ने कहा कि प्रॉपर्टी टैक्स जमा न कराने वालों पर नगर निगम लगातार कार्रवाई कर रहा है। एक लाख रुपये से अधिक प्रॉपर्टी टैक्स के बकाएदारों की संपत्तियां सील की जा रही हैं। सीलिंग कार्रवाई से बचने के लिए संपत्ति मालिक अपना बकाया प्रॉपर्टी टैक्स जमा कराएं। उन्होंने बताया कि जिनकी संपत्ति सील की गई है। उन्हें कई बार नोटिस जारी कर चेताया गया था। टैक्स जमा न कराने पर बकाएदारों को सुनवाई के लिए निगम कार्यालय बुलाया गया था। सुनवाई के बाद भी संपत्ति कर जमा न कराने पर सीलिंग कार्रवाई की गई। आगे भी यह कार्रवाई जारी रहेगी।

## सड़क सुरक्षा अभियान में 336 चालान काटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

सड़क सुरक्षा को लेकर जिला पुलिस द्वारा स्पेशल अभियान चलाया गया। अभियान के तहत सड़क पर लापरवाही से वाहन चलने वाले 336 वाहन चालकों के चालान किए गए। जिला पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने चेतावनी दी की यातायात नियमों को तोड़ने वाले वाहन चालकों के खिलाफ पुलिस का अभियान भविष्य में भी जारी रहेगा।

पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने बताया कि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ड्रंक एंड ड्राइव, लेन ड्राइविंग, बुलेट पटाखा, प्रेसर हॉर्न आदि अभियान चलाया गया। यह अभियान नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ था। अभियान के तहत जिला पुलिस की विभिन्न टीमों ने 336 वाहन चालकों के चालान किए। उन्होंने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सड़क पर नशे में वाहन चलाने वालों के ऊपर कड़ा शिकंजा कसना है। अक्सर देखने में आता है कि रात्रि के समय काफी वाहन चालक नशे में धुत होकर वाहन चलाते हैं। जिससे वह अपने आप को तो खतरे में डालते ही हैं साथ में सड़क पर चल रहे अन्य वाहन चालक के लिए भी खतरा बन जाते है। उन्होंने बताया कि जिला यमुनानगर पुलिस ने स्पैशल अभियान चलाकर नियमों की पालना न करने वाले वाहन चलाने वाले चालकों पर कड़ा शिकंजा कसा है।



यमुनानगर में यातायात के नियमों का पालन न करने वाले आरोपी वाहन चालकों का चालान करती पुलिस टीम।

## संयुक्त किसान मोर्चा व केंद्रीय ट्रेड यूनियन के सदस्यों ने शहर में किया प्रदर्शन

- प्रदर्शनकारियों ने भाजपा सरकार की मजदूर, किसान व कर्मचारी विरोधी नीतियों के खिलाफ किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

संयुक्त किसान मोर्चा, केंद्रीय ट्रेड यूनियन व सर्व कर्मचारी संघ ने संयुक्त रुप से भाजपा सरकार की मजदूर, किसान व कर्मचारी विरोधी नीतियों के खिलाफ जिला सचिवालय के समक्ष प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने केंद्र व प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। बुधवार को संयुक्त किसान मोर्चा, केंद्रीय ट्रेड यूनियन व सर्व कर्मचारी संघ के सैंकड़ो सदस्य जिला सचिवालय के समक्ष एकत्रित हो गए और प्रदर्शन करने लगे। मौके पर उन्होंने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। मौके पर कर्मचारी नेता गुलशन भारद्वाज, ट्रेड यूनियन के प्रधान सांगवान ने कहा कि केंद्र सरकार की नीतियां किसान, मजदूर व कर्मचारी विरोधी है।




यमुनानगर। जिला सचिवालय के समक्ष प्रदर्शन करते हुए संयुक्त किसान मोर्चा व ट्रेड यूनियन समेत अन्य संगठनों के सदस्य।

चुनाव के दौरान केंद्र सरकार ने जो वादे किए थे। उन वादों में से एक भी वादे को पूरा नहीं किया गया। कर्मचारी नेताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा किसानों को एमएसपी की गारंटी दी थी। मगर आज किसानों को एमएसपी का लाभ नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लगातार प्रधानमंत्री जो बोल रहे हैं उसमें मुद्दों की बात नहीं है। यदि किसान मजदूर मुश्किल में होगा तो यह देश तरक्की कैसे करेगा।

उन्होंने कहा कि देश भर में आज नफरत का माहौल फैलाया जा रहा है। इसके अलावा अमेरिका के दबाव में जो टैरिफ हमारे ऊपर थोपे जा रहे हैं। उससे कृषि, पशुपालन समेत सभी काम धंधे प्रभावित हो रहे हैं। इस टैरिफ का परिणाम है कि रूस से जो हम तेल खरीद रहे थे उसे खरीदना बंद कर दिया है। अमेरिका से तेल खरीदेंगे तो वह महंगा आएगा और महंगा तेल हमें खरीदना पड़ेगा। इससे देश में महंगाई बढ़ेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार व आपराधिक घटनाएं बढ़ रही हैं।

उन्होंने कहा कि यदि सरकार ने किसान, मजदूर व कर्मचारी विरोधी नीतियों को बंद नहीं किया तो वह बड़ा आंदोलन करने पर मजबूर होंगे। मौके पर सुभाष, उर्मिला, सतीश, रमेश, रविंद्र, श्याम लाल व प्रदीप आदि मौजूद रहे।

## बाढ़ से बचाव के व्यावहारिक तरीके बताए

- शिविर में ग्रामीणों को बाढ़ बचाव के बारे में दिया प्रशिक्षण
- नायब तहसीलदार व्यासपुर रविंद्र कुमार ने की अभ्यास कार्यक्रम की अध्यक्षता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

सातवीं एनडीआरएफ बठिंडा (पंजाब) की टीम ने व्यासपुर के तीर्थस्थल कपाल मोचन स्थित सरोवर में फ्लड मॉक एक्सरसाइज प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया। इस दौरान एक्सरसाइज में टीम ने ग्रामीणों को बाढ़ से बचाव के व्यावहारिक तरीकों के बारे में प्रशिक्षण दिया। इस अभ्यास की अध्यक्षता नायब तहसीलदार व्यासपुर रविन्द्र कुमार ने की व नेतृत्व सहायक सेनानी अनिल कुमार रनवा और टीम कमांडर विक्रम ने किया।

एनडीआरएफ के निरीक्षक विक्रम सिंह ने बताया कि जिले में 29 नवंबर तक विभिन्न स्कूलों, सार्वजनिक स्थलों, संस्थानों और औद्योगिक क्षेत्रों में एनडीआरएफ द्वारा विशेष प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। कपालमोचन सरोवर में आयोजित प्रशिक्षण शिविर में ग्रामीणों को बाढ़ की स्थिति में घर और आस पास आसानी से मिलने वाली चीजों की मदद से इंप्रोवाइज्ड फ्लोटेशन डिवाइस (आइएफडी) तैयार करने के बारे में सिखाया गया। मौके पर टीम ने बांस आदि हल्के सामान से भी बचने के तरीके बताए।



यमुनानगर। कपालमोचन सरोवर में आयोजित प्रशिक्षण शिविर में ग्रामीणों को डूबते हुए लोगों को बचाने की जानकारी देते हुए एनडीआरएफ के कर्मचारी।

#### आपदा का नहीं है कोई निश्चित समय

नायब तहसीलदार रविंद्र कुमार ने कहा कि आपदा का कोई निश्चित समय नहीं होता है। इसलिए उससे संबंधित प्रक्रियाओं और संसाधनों की जानकारी होना अति आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जानकारी और प्रशिक्षण के अभाव में हम संसाधन उपलब्ध होने के बावजूद एक दूसरे की सहायता करने में असमर्थ रह जाते हैं। उन्होंने अधिकारियों, कर्मचारियों और नागरिकों को प्रशिक्षित होने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि आपदा प्रबंधन में लापरवाही की कोई गुंजाइश नहीं है। सजगता और तत्परता ही संकट के समय बड़े नुकसान को रोक सकती है।

## पार्सल डिलीवरी स्कैम से रहें सावधान : गोयल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

साइबर ठगों द्वारा लोगों के साथ ठगी करने के नए नए तरीके इजाद किए जा रहे हैं। हाल ही में देशभर में पार्सल डिलीवरी स्कैम के कई मामले सामने आए हैं। जिनमें लोग लाखों रुपये गवां बैठे हैं। जिला पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने आमजन को पार्सल डिलीवरी स्कैम से सतर्क रहने की एडवाइजरी जारी की है। पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने बुधावार को बातचीत करते हुए बताया कि ऐसे स्कैम में ठग लालच और डर दोनों का इस्तेमाल करते हैं। वह कभी महंगे उपहार का लालच देकर तो कभी कानूनी कार्रवाई की धमकी देकर पीड़ितों पर दबाव बनाते हैं। इस तरह की ठगी के कुछ स्पष्ट संकेत हैं।

#### ठगे जा रहे लोग



पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने बताया कि इस स्कैम में ठग खुद को कूरियर एजेंट, कस्टम अधिकारी या विदेशी मित्र बताकर दावा करते हैं कि आपके नाम से विदेश से कोई महंगा गिफ्ट आया है। कभी कभी इसमें सोना, हीरे जवाहरात, नकद राशि या महंगे ब्रांडेड सामान का लालच दिया जाता है। फिर कहा जाता है पार्सल एयरपोर्ट पर फंसा है और उसे छुड़ाने के लिए तुरंत टैक्स चुकाना होगा।

**आयोजन** | जिला प्रशासन द्वारा लघु सचिवालय में भारतीय संविधान दिवस पर आयोजित किया कार्यक्रम

# संविधान अधिकारों के प्रति करता है जागरूक: विश्वनाथ

- एसडीएम विश्वनाथ ने अधिकारियों व कर्मचारियों को भारतीय संविधान के नियमों की पालना करने के लिए दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला प्रशासन के तत्वावधान में बुधवार को भारतीय संविधान दिवस के अवसर पर लघु सचिवालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सभी विभागों के प्रशासनिक अधिकारियों व कर्मचारियों ने भाग लिया। इस दौरान जगाधरी के एसडीएम विश्वनाथ ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संविधान में बने नियम कानूनों के तहत कार्य करने व उनका पालन करने के लिए शपथ दिलाई।

एसडीएम विश्वनाथ ने कहा कि देश का संविधान हमें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करने के साथ ही अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने का मार्ग प्रशस्त करता है। हमारा देश संविधान से चलता है और हम सभी संविधान से जुड़े नियमों के तहत ही कार्य करते हैं। संविधान बनने से पहले हम अंग्रेजों के गुलाम थे और उनके बनाए गए काले कानूनों पर कार्य करते थे। उस समय इंसान की कोई कीमत नहीं थी। देश को आजादी मिली। 26 नवंबर 1949 के दिन संविधान सभा ने भारतीय संविधान को बनाकर देश को समर्पित किया। संविधान दिवस का मतलब नागरिकों में संवैधानिक मूल्यों के प्रति सम्मान की भावना को बढ़ाना है।





यमुनानगर। जिला सचिवालय में आयोजित कार्यक्रम में संविधान के नियमों की पालना करने की अधिकारियों व कर्मचारियों को शपथ दिलाते हुए एसडीएम व शपथ लेते हुए अधिकारी व कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

#### प्राथमिकता के आधार पर करें गरीब व्यक्ति का कार्य

एसडीएम विश्वनाथ ने कहा कि जब भी किसी भी वर्ग का कोई गरीब व्यक्ति उनके पास अपने कार्य के लिए आए तो हम सभी का दायित्व बनता है कि हम उस गरीब व्यक्ति के कार्य को सबसे पहले करें। एसडीएम विश्वनाथ ने कहा कि संविधान की प्रस्तावना हमें समाज के प्रति अपने अधिकारों की जानकारी का ज्ञान कराने के साथ ही सशक्त नागरिक के रूप में निभाई जाने वाली भूमिका के उद्देश्य से अवगत कराते हुए सार्थक संदेश देती है। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी को संविधान के बारे में विस्तार से जानकारी देने के लिए इस प्रकार के आयोजन महत्ती भूमिका निभाते हैं। जीवन को किस तरीके से समाज में जिया जाए। यह सभी प्रकार के माध्यम संविधान में निहित हैं। मौके पर डीडीपीओ नरेन्द्र सिंह, जिला राजस्व अधिकारी तरूण सहौता, डीआईपीआरओ डॉ. मनोज कुमार, डीआईओ विनय गुलाटी व नायब तहसीलदार अमित कुमार आदि मौजूद रहे।

### खबर संक्षेप



#### अनुशासन को बढ़ावा देते हैं खेल : मंजू

**रादौर।** लाइक पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल रादौर में 3 दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विद्यालय की मुख्य प्रशासिका मंजू रानी उपस्थित हुई। उन्होनें दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उन्होनें बताया कि ऐसी प्रतियोगिताओं से बच्चों में खेल भावनाएं, टीम वर्क, शारीरिक फिटनेस और अनुशासन को बढ़ावा मिलता है। इस खेल-प्रतियोगिता में विद्यालय के नर्सरी से लेकर 10वीं तक की सभी कक्षाओं के छात्रों ने बढ़.चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिता में विभिन्न प्रकार के खेलों का आयोजन किया गया। बच्चों ने 50, 100 व 200 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में भाग लिया। इसके अलावा जम्पिांग दौड़, रिले दौड़ए, बैग-पैक दौड़, फ्रॉग दौड़, बुक बैलेंसिंग दौड़ व खो-खो आदि कई प्रकार की प्रतियोगिताओं में बच्चों ने अपनी उत्कृष्ट प्रदर्शन क्षमता का परिचय दिया। विद्यालय के यशवी छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया व पूरे उत्साह व अनुशासन के साथ खेल-भावना का प्रदर्शन किया। विद्यालय की मुख्य प्रशासिका मंजू रानी ने इस खेल आयोजन व अध्यापकों द्वारा किए गए प्रबंधों की सराहना की। मंजू रानी द्वारा सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की।



#### जींद खेड़ा की टीम ने जीती क्रिकेट प्रतियोगिता

**रादौर।** यूथ क्लब गांव मन्सूरपुर की ओर से क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मौके पर युवा कांग्रेसी नेता उमेश बुबका मुख्यातिथि के तौर पर उपस्थित हुए। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्यातिथि उमेश बुबका ने रिबन काटकर किया। आयोजकों ने मुख्यातिथि उमेश बुबका को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला जींद खेड़ा व बैंडी की टीमों के बीच खेला गया। जिसमें जींद खेड़ा की टीम ने बैंडी की टीम को हराकर ट्राफी पर कब्जा किया। इस अवसर पर उमेश बुबका ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं से नए खिलाड़ी उभरकर आते है। यही खिलाड़ी ब्लॉक, जिला, राज्य व अंतराष्ट्रीय स्तर पर देश की सेवा करते है। इस अवसर पर पूर्व सरपंच राज कुमार, बिहारी लाल, बलिंदर नरवाल कबड्डी कोच, अभिषेक, वंश, तरसेम आदि मौजूद रहे।



#### वार्ड 2 में विकास कार्यों का पार्षद ने लिया जायजा

**रादौर।** कस्बा रादौर के वार्ड नंबर 2 में बुधवार को चल रहे विकास कार्यों का वार्ड पार्षद राजीव आर्य सन्नी ने जायजा लिया। मौके पर मौजूद ठेकेदार को जनता की सुविधाओं को ध्यान में रखकर कार्य करने के लिए प्रेरित किया। पार्षद राजीव आर्य सन्नी ने बताया कि वार्ड में करवाए जा रहे विकास कार्यों में कोई किसी भी प्रकार की कोई कोताही नहीं बरती जाएगी। उन्होंने कहा कि इलाके में कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा की अध्यक्षता में करवाए जा रहे विकास कार्य अच्छे तरीके से संपन्न हो रहे हैं। वार्ड में जिस चीज की कमी होती है कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा उसको पूरा करवाने में पूरा सहयोग करते हैं। शहर की औड कॉलोनी में जनता की मांग पर पीने के पानी का ट्यूबवेल लगवाने का कार्य किया जा रहा है। वहीं वार्ड की गलियों के निर्माण के लिए भी नगरपालिका में अर्जी दी गई है। पूरे वार्ड में विकास कार्यों को अच्छे से करवाया जाएगा।



#### संविधान दिवस पर आयुष चिकित्सकों ने ली शपथ

**रादौर।** आयुष चिकित्सकों ने 76वें संविधान दिवस के उपलक्ष्य में बुधवार को अपने-अपने कार्यस्थलों पर विशेष आयुष संविधान शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य संविधान के मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता को पुनः सुदृढ़ करना, सेवा-आधारित स्वास्थ्य व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाना है। शपथ ग्रहण कार्यक्रम के दौरान सभी आयुष चिकित्सकों ने न्याय, स्वतंत्रता, समानता, बंधुत्व जैसे संवैधानिक आदर्शों को जीवन व कार्यक्षेत्र में अपनाने का संकल्प लिया। वहीं उन्होंने ईमानदारी, करुणा व समग्र स्वास्थ्य दृष्टिकोण के साथ आम जनता को सुरक्षित एवं सुलभ स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराने का वचन दिया। मौके पर मौजूद मेडिकल ऑफिसर्स एसोसिएशन हरियाणा के अध्यक्ष डॉ. ललित सैनी ने कहा कि विभाग के चिकित्सकों की यह व्यापक भागीदारी संविधान के प्रति सम्मानए राष्ट्रीय कर्तव्यों के प्रति समर्पण तथा जन-स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने के उनके निरंतर प्रयासों को दर्शाती है।

#### पशु अस्पताल से हजारों रुपये का सामान चोरी

**यमुनानगर।** जगाधरी के संत थॉमस स्कूल के सामने बन रहे पशु अस्पताल से चोरों ने हजारों रुपये का सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार जगाधरी के हुड्डा सेक्टर 17 निवासी जरनैल सिंह ने शहर जगाधरी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि जगाधरी के संत थॉमस स्कूल के सामने पशु का अस्पताल बन रहा है। चोरों ने 21 नवंबर से 23 नवंबर के बीच निर्माणधीन पशु अस्पताल से आठ लोहे की प्लेट तथा डेट क्विंटल सरिया चोरी कर लिया। जिसकी कीमत करीब 15 हजार रुपए है। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## खबर संक्षेप



### गीता कन्या विद्यालय में मनाया संविधान दिवस

**कुरुक्षेत्र।** विद्या भारती हरियाणा एवं हिंदू शिक्षा समिति के तत्वाधान में अमीन रोड स्थित गीता कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में भारतीय संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर आचार्य रश्मि द्वारा भारतीय संविधान के बारे में छात्राओं को जानकारी देते हुए बताया गया कि 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है एवं इस दिन को राष्ट्रीय कानून दिवस के रूप में भी मनाया जाता है । 26 नवंबर 1949 को हमारे देश का संविधान पारित हुआ था और राष्ट्र को समर्पित किया गया था। संविधान को बनाने में 2 वर्ष 11 महीने 18 दिन लगे थे।

### नवयुग स्कूल में विशेष प्रार्थना सभा आयोजित

**कुरुक्षेत्र।** नवयुग सीनियर सैकेंडरी स्कूल मोहन नगर कुरुक्षेत्र में संविधान दिवस पर विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया जिसमें अध्यापिका स्नेह ने विद्यार्थियों को संविधान दिवस के बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर पर कक्षा दशम के छात्र कार्तिक क्वात्रा ने भी अपने विचार सांझा किए। इस अवसर पर विद्यालय के प्रशासक विकास गाबा, मुख्याध्यापिका प्रीती मिश्रा, को ऑर्डिनेटर ऋतु चौधरी, अध्यापिका मोनिका, अंजली, कोमल, स्वाति, मधु, रेनू, गीता, रीमा, स्नेह आदि मौजूद रहे।

## अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव : तजाकिस्तान का स्टॉल लोगों का ध्यान खींच रहा

# विदेशी स्टॉल बने आकर्षण का केंद्र, जमकर हो रही खरीदारी

**खास बातें**

- 100 से 2000 रुपये तक मिल रहे उत्पाद
- स्टॉल संचालिका मदीना संतुष ने जताया आभार
- स्टॉल पर शॉल, ब्रेसलेट, हैंड क्राफ्टेड ज्वैलरीज उपलब्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव के पुरुषोत्तमपुरा बाग में लगे विदेशी स्टॉल इस बार पर्यटकों के लिए खास आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। पर्यटक इन स्टॉलों से विदेशी हस्तकला और उत्पादों की जमकर खरीदारी कर रहे है। पुरुषोत्तमपुरा बाग में लगाए गए स्टॉलों में तजाकिस्तान का स्टॉल लोगों का ध्यान विशेष रूप से खींच रहा है। इस स्टॉल पर हैंडमेड बैग, शॉल, ब्रेसलेट, हैंड क्राफ्टेड ज्वैलरीज के साथ विशेष कैंडीज उपलब्ध हैं, जिनकी पर्यटक काफी सराहना कर रहे है। स्टॉल संचालिका मदीना ने बताया कि उनके स्टॉल पर 100 रुपए से लेकर 2000 रुपए की कीमत का सामान उपलब्ध है। स्टॉल संचालिका मदीना ने महोत्सव में स्टॉल लगाने की बेहतर और सुचारु व्यवस्था पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि किसी प्रकार की कोई असुविधा नहीं हुई और इसके लिए उन्होंने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का धन्यवाद भी किया।



### गोरांग इंस्टीट्यूट फॉर वैदिक एजुकेशन पवित्र ग्रंथ गीता के प्रति कर रहा जागरुक



**कुरुक्षेत्र।** यह पहल सिर्फ ज्ञान प्रदान करने के लिए नहीं, बल्कि जीवन बदलने के लिए है। हर वह व्यक्ति जो यहां आता है, वह गीता की एक ऐसी ऊर्जा महसूस करता है जो उसे भीतर से आध्यात्मिक ज्ञान लेने ले लिए प्रेरित करती है। इस दिव्य प्रयास के अंतर्गत गौरांग इंस्टीट्यूट फॉर वैदिक एजुकेशन ने एक अत्यंत उपयोगी मोबाइल एप्लीकेशन गीव गीता भी लॉन्च किया है, जिसे हर कोई निःशुल्क के डाउनलोड कर सकता है। डॉ. वृंदावन चंद्र दास बताते हैं कि यह ऐप ऑडियो और वीडियो दोनों रूपों में उपलब्ध है। कोई भी व्यक्ति हिंदी या अंग्रेजी में श्रीमद्भगवद् गीता के उपदेश सुन या देख सकता है। पूरे गीता कोर्स को सिर्फ 28 भागों में विभाजित किया गया है, जिनमें से हर भाग लगभग आधे घंटे का है। इससे कोई भी अपनी सुविधा और समय के अनुसार आसानी से अध्ययन कर सकता है। इस कोर्स की सबसे प्रमुख विशेषता यह है कि यह केवल शास्त्रीय ज्ञान ही नहीं देता, बल्कि बताता है कि गीता को जीवन में कैसे लगाया जाए।

## ब्रह्मसरोवर के पुरुषोत्तमपुरा बाग में भागवत गीतानुष्ठान का विधिवत शुभारंभ

*ठाकुर संजीव कृष्ण शास्त्री सुनाएंगे कथा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



धर्म क्षेत्र कुरुक्षेत्र में आयोजित हो रहे अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के पावन अवसर पर ब्रह्मसरोवर के पुरुषोत्तमपुरा बाग के मुख्य कार्यक्रम स्थल पर भागवत गीतानुष्ठान का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज, संपूर्णानंद महाराज, ब्रहमस्वरुप ब्रहमचारी महाराज सहित अन्य संत महापुरुषों ने दीप प्रज्वलित कर व भागवत गीता पर पुष्पांजलि अर्पित कर इस दिव्य अनुष्ठान का विधिवत शुभारंभ किया। कार्यक्रम में अनेक संत-महापुरुषों और श्रद्धालुओं की उपस्थिति ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इस कार्यक्रम में ठाकुर संजीव कृष्ण शास्त्री द्वारा गीता का पाठ किया गया। परम पूज्य काशिनी जी महाराज ने अपने उद्बोधन में कहा कि गीता केवल एक ग्रंथ नहीं, बल्कि एक लिविंग फिलॉसफी (जीने का दर्शन) है। हमें गीता के अनुसार आचरण करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि मनुष्य को अन्य शास्त्रों की बजाय एक गीता को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि गीता का तत्वज्ञान केवल पढकर प्राप्त नहीं होता, बल्कि किसी महापुरुष के चरणों में बैठकर ही समझा जा सकता है। गीता मुनिश्री ज्ञानानंद महाराज ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महोत्सव का गीता यज्ञ के साथ विधिवत प्रारंभ हुआ। गत दिवस, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आगमन हुआ, जिन्होंने ब्रह्मसरोवर पर आयोजित संध्या आरती में भाग लिया।

### देश भर से विभिन्न संत-महात्मा भाग ले रहे

आज यहां श्रीमद् भगवद् गीता और श्रीमद् भागवत के समन्वित भाव के साथ सत्संग तथा कथा का भव्य शुभारंभ किया गया है। इस पावन कार्यक्रम में आज पूरे देश भर से विभिन्न संत-महात्मा भाग ले रहे है। इस अवसर पर सीईओ केडीबी पंकज सेतिया, मानद सचिव उपेंद्र सिंघल, केडीबी सदस्य विजय नरुला, डा. एमके मोदगिल, कैप्टन अमरजीत सिंह, अशोक रोशा, डा. ऋषिपाल मथाना, मेला प्राधिकरण के सदस्य डा. अवनीत वडैच, डा. अलकेश मोदगिल, सैनी सभा के प्रधान गुरनाम सैनी, राजेश शांडिल्य, डा. संदीप छाबड़ा, रोशन बेदी, संजय चौधरी, हरमेश सिंह सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।



### फिल्म अभिनेता पुनीत व बिंदु दारा सिंह महोत्सव में पहुंचे

**कुरुक्षेत्र।** महाभारत में दुर्योधन की भूमिका निभाने वाले फिल्म अभिनेता पुनीत इस्सर और बिग बॉस विजेता व फिल्म अभिनेता बिंदु दारा सिंह ने बुधवार को अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव 2025 के मुख्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन के तीसरे दिन जय श्री कृष्णा नाटक में दुर्योधन और भीम की भूमिका निभाई। दोनों फिल्म अभिनेताओं ने कहा कि वे पहली बार अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में भाग लेने के लिए कुरुक्षेत्र आए है और उन्हें कुरुक्षेत्र का नजारा विदेश जैसा लग रहा है। दोनों कलाकारों ने कहा कि प्रदेश सरकार ने अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में ब्रह्मसरोवर के तट पर बहुत सुंदर इंतजाम किया है। इसके लिए उन्होंने जिला प्रशासन का धन्यवाद किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में श्री कृष्णा नाटक की शुरुआत कृष्ण रास से हुई और महाभारत के अलग अलग प्रसंगों को इस नाटक में प्रदर्शित किया गया। दर्शकों की भारी भीड़ ने नाटक को खूब पसंद किया। दर्शक टीवी कलाकारों को लाइव देखने को शुरू से ही उत्सुक दिखे। नाटक में द्रौपदी चीरहरण से लेकर कौरवों व पांडवों के संवाद और महाभारत युद्ध के प्रत्येक क्षण को लाइव दिखाया गया।

## 'साईं नाथ तेरे हजारों हाथ' पर झूमे श्रद्धालु

- साईं मंदिर का चतुर्दश साईं स्वरूप स्थापना दिवस समारोह आयोजित
- 108 लीटर दूध से सांईं मूर्ति का मंगल स्नान कराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थानेसर



श्रीशिरड़ी साईं सेवा संघ द्वारा स्थापित साईं मंदिर का चतुर्दश साईं स्वरूप स्थापना दिवस समारोह साईं भक्तों द्वारा धूमधाम से आयोजित किया गया। संघ के सदस्यों एवं सांई भक्तों द्वारा 108 लीटर दूध से सांईं मूर्ति का मंगल स्नान कराया गया। इसके पश्चात न्यू शांति एनक्लेव स्थित अनिल बजाज के निवास से साईं पालकी रथयात्रा निकाली गई, जोकि शहर के विभिन्न मार्गों मां भद्रकाली चौक,रोटरी चौक,छोटा बाजार,सीकरी चौक,कच्चा घेर, मेन बाजार और गौशाला बाजार होते हुए साईं मंदिर पहुंची। जगह-जगह इस रथयात्रा का भव्य स्वागत किया गया। बैंड-बाजों की मधुर धुन के बीच साईं भक्त झूमते हुए निकले। इसके पश्चात सांईं आरती हुई, जिसमें बड़ी संख्या में आए साईं भक्तों ने भाग लिया। तत्पश्चात साईं जी को 56 भोग प्रसाद लगाए गए। स्टेज पर भजन गायकों प्रवीण मोदगिल और बृज मोहन नागर ने शिरडी साईं के भजन सुनाकर समां बांधा। दीवाना तेरा आया बाबा तेरी नगरी में...., साईं नाथ तेरे हजारों हाथ..., शिरड़ी वाले साईं बाबा आया है तेरे दर पर सवाली... इत्यादि भजनों पर श्रद्धालु झूम उठें।

### एक दिसंबर को गीता जयंती के दिन प्रत्येक छात्र अपने-अपने घर में पांच दीपक अवश्य जलाएं : रोशा

**शाहबाद।** गीता विद्या मंदिर, शाहबाद में विद्यालय के नाम दिए गए अपने संदेश में विद्यालय के अध्यक्ष प्रदीप खेड़ा , प्रबंधक अशोक रोशा,कोषाध्यक्ष रमेश गुलाटी ने सभी को अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव की शुभकामनाएं दी।



विद्यालय अध्यक्ष प्रदीप खेड़ा ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती का शुभारंभ 15 नवंबर से 5 दिसंबर 2025 हो चुका है। इसमें हमारे विद्यालयो में किए जानें वाले कार्यों में विद्यालय में प्रतिदिन वंदना सत्र में अष्टादशश्लोकी गीता का पाठ हो जिससे मानसिक शांति, आत्मविश्वास और सकारात्मकता बढ़ती है यह तनाव और नकारात्मक भावनाओं को कम करता है, और जीवन के उद्देश्यों को स्पष्ट करने में सहायक है। प्रबंधक अशोक रोशा जी ने कहा कि 1 दिसंबर को गीता जयंती के दिन प्रत्येक छात्र अपने-अपने घर में पांच दीपक अवश्य जलाएं जिससे दीपक की लो से निकलने वाली ऊर्जा घर में मौजूद नकारात्मकता को दूर करती है। ऐश्वर्या शक्ति का आवाहन इसी से होता है। उन्होंने स्वच्छता के बारे में भी बताया कि शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने से मानसिक स्वास्थ्य भी बेहतर बनता है। विद्यार्थियों को घर के आस पास की स्वच्छता व विद्यालय को स्वच्छ बनाएं रखने में अपना सहयोग करना चाहिए ।

## मजदूरों का लेबर कोड के खिलाफ प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- मजदूर अधिकार संघर्ष अभियान ने लेबर कोडों की प्रतियां जलाकर जताया विरोध

मजदूर अधिकार संघर्ष अभियान के घटक संगठन—जन संघर्ष मंच हरियाणा, निर्माणकार्य मजदूर मिस्त्री यूनियन और मनरेगा मजदूर यूनियन—ने मोदी सरकार द्वारा 21 नवंबर 2025 को मजदूर-विरोधी चार श्रम संहिताओं (लेबर कोड) को लागू करने संबंधी जारी की गई अधिसूचना को वापस लेने तथा इन चारों लेबर कोडों को रद्द करने की मांग को लेकर स्थानीय नये बस अड्डे से एक विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने पंचायत भवन के पास चारों लेबर कोडों और मनुस्मृति की सोच पर आधारित श्रम शक्ति नीतिझ2025 के मसौदे की प्रतियां जलाकर अपना विरोध दर्ज कराया। इसके पश्चात सभी मजदूर लघु सचिवालय पहुंचे और वहां कर्मचारी संगठनों तथा किसान मोर्चा द्वारा लेबर कोड के विरोध में जारी धरने में शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों को



मजदूर अधिकार संघर्ष अभियान के घटक संगठन जन संघर्ष मंच हरियाणा की महासचिव सुदेश कुमारी, चन्द्र रेखा, ऊषा कुमारी,छात्र नेता कविता विद्रोही,निर्माणकार्य मजदूर मिस्त्री यूनियन के महासचिव सुरेश कुमार, प्रधान करनैल सिंह,मनरेगा मजदूर यूनियन के राज्य प्रधान नरेश कुमार, मेवा राम सहित विभिन्न मजदूर किसान नेताओं ने संबोधित किया। सभी वक्ताओं ने मजदूर-विरोधी लेबर कोडों का कड़ा विरोध करते हुए इन्हें लागू करने संबंधी अधिसूचना को तुरंत रद्द करने की मांग की और इस विषय में राष्ट्रपति महोदया को ज्ञापन भी सौंपा।

### संविधान अधिकारों और कर्तव्यों की आत्मा : कृष्ण

**लाडवा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाडवा में संविधान दिवस बड़े ही उत्साह, सम्मान और गरिमामय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर सीएचसी लाडवा के एसएमओ डॉ. कृष्ण कांत की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें सभी चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ, फार्मासिस्ट, एएनएम, प्रशासनिक कर्मचारियों तथा अन्य स्टाफ सदस्यों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत भारत के संविधान निमार्ताओं और संविधान सभा के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई। इसके पश्चात डॉ. कृष्ण कांत ने सभी उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को संविधान की उद्देशिका पढ़कर सुनाई एवं उसके महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संविधान न केवल एक विधिक दस्तावेज है, बल्कि यह भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों, अधिकारों और कर्तव्यों की आत्मा है।

### संविधान की रक्षा करना हमारा कर्तव्य : मेवा सिंह

**कुरुक्षेत्र।** कांग्रेस भवन में संविधान दिवस बचाओ कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष मेवा सिंह की अगुवाई में थानेसर विधायक अशोक अरोड़ा के इलावा सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष मेवा सिंह ने कहा कि आज संविधान ओर लोकतांत्रिक ढांचे पर बढ़ते खतरे को देखते हुए जन जागरूकता और संवैधानिक मूल्यों के प्रचार प्रसार की आवश्यकता है। मेवा सिंह ने कहा कि संविधान की रक्षा करना हर नागरिक का कर्तव्य है और यह कार्यक्रम लोगों को जागरूक करने का प्रयास है। विधायक अशोक अरोड़ा ने कहा कि हमारी लोकतांत्रिक संस्थाओं और हमारे संविधान की मूल भावना के समक्ष अभूतपूर्ण चुनौतियों को देखते हुए यह दिवस महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष मेवा सिंह, थानेसर विधायक अशोक अरोड़ा, लक्ष्मीकांत शर्मा, सुनीता नेहरा, पवन शर्मा, पवन चौधरी, संजीव भूखड़ी, सुरेंद्र फौजी, वीरेंद्र रोहिला, चंद्र भान, ओम प्रकाश सिरोहा, शमशेर सिंह, जाफर खान, नरेश जोगी, जगदीप राणा, दीपक मोरथला, रवि देशवाल, दर्शन बांगड़, हंसराज, भगवंत विर्क, जरनैल डूडा, राजेंद्र कुमार, विनोद सिरोहा, सुरेंद्र सैनी, विक्रम सिंह, राजकुमार, नीलम रानी, ओम पाल, कुलदीप सिंह, सुरेंद्र सिंह, अमर सिंह, रणबीर सिंह, प्रेम सिंह, कश्मीरी लाल, राजकुमार, जयराम कश्यप, सतीश लाड़ी, रामगोपाल, गुरमीत सिंह के इलावा सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## गीता में निष्काम कर्म करने का संदेश : राणा

**गीता समाज, धर्म, संस्कृति और राष्ट्र का गौरव : स्वामी ज्ञानानंद महाराज**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- जीओ गीता संस्थान में प्रबुद्ध गीता संगोष्ठी का आयोजन

गीता मनीषी ज्ञानानंद जी महाराज ने कहा कि गीता समाज, धर्म, संस्कृति और राष्ट्र का गौरव है। गीता में हर समस्या, अवसाद, तनाव और चुनौती का समाधान है। जीओ गीता की ओर से हर वर्ग के लिए गीता लिखी गई है, जिसमें हर वर्ग को नया रास्ता दिखाया गया है। युवा पीढ़ी को गीता के साथ जोड़ने के लिए इसे पाठ्यक्रम में शामिल किया गया है। गीता मनीषी जीओ गीता संस्थान के सभागार में आयोजित प्रबुद्ध गीता संगोष्ठी में बोल रहे थे। गीता संगोष्ठी की अध्यक्षता कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने की। प्रबुद्ध गीता संगोष्ठी के संयोजक मदन मोहन छाबड़ा ने कृषि मंत्री को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। गीता पूजन के साथ संगोष्ठी का विधिवत रूप से शुभारंभ हुआ। सभी मेहमानों ने मंत्रोच्चारण के बीच गीता जी का पूजन किया। गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने कहा कि नूतन वर्ष 2026 में हर घर तक गीता पहुंचाने और गीता पाठ के लिए तीन श्लोक तैयार किए गए हैं।



### मोबाइल के इस्तेमाल पर जताई चिंता

*गीता मनीषी ने मोबाइल के इस्तेमाल पर चिंता जताते हुए कहा कि मोबाइल के इस्तेमाल को कम करने के लिए गीता से जुड़ाव जरूरी है। मनुष्य हर वक्त मोबाइल में व्यस्त रहता है। उन्होंने संगोष्ठी में उपस्थितिजनों को आह्वान किया कि भोजन, पाठ और सत्संग के दौरान मोबाइल का प्रयोग न करने का संकल्प लें, वे स्वयं भी इस दौरान मोबाइल का इस्तेमाल नहीं करते हैं। इस अवसर पर डॉ. मारकंडे आहूजा, आयुष विश्वविद्यालय कुलपति करतार धीमान, पशुकल्याण बोर्ड के चेयरमैन धर्मवीर मिर्जापुर, शुगरफैड के चेयरमैन धर्मवीर डागर, विजय नरूला, राजेश सेन, डॉ. देशवाल, अशोक अरोड़ा, राजीव गाबा, देवेंद्र, विदेश से अरुण ठाकुर, सत्य कालड़ा, केडीबी सदस्य राजेश शांडिल्य तथा सौरव चौधरी सहित बड़ संख्या में गीता अनुयायी मौजूद रहे।*

### ज्ञान ही समाज की प्रगति का आधारः राजेंद्र पुरी

**पिहोवा।** मां सरस्वती मंदिर, पिहोवा में आज अत्यंत भक्तिमय और उत्साहपूर्ण वातावरण देखने को मिला, जहां जग ज्योति दरबार के महंत राजेंद्र पुरी महाराज ने माथा टेककर मां सरस्वती का आशीर्वाद लिया। उनके आगमन पर अनेक नगरवासियों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों, पुष्पमालाओं और जयघोषों के साथ उनका भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने महाराज जी के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की और उनके दर्शनों को अपना सौभाग्य बताया। महंत राजेंद्र पुरी महाराज को शिव सेना हिंदुस्तान की धार्मिक शाखा श्री राम हनुमान सेवा दल और अखिल भारतीय हिन्दू परिषद हरियाणा का अध्यक्ष बनाए जाने पर भी लोगों ने खुशी व्यक्त करते हुए उनका अभिनंदन किया।



### लाडवा में पंजाबी सिंगर कवर ग्रेवाल लगाएंगे चार चांद : पंकज सेतिया

**लाडवा।** उपमंडल अधिकारी (ना) पंकज सेतिया ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की विधानसभा लाडवा में जिला स्तरीय गीता जयन्ती समारोह का आयोजन किया जा रहा हैं। शहर के हिन्दू हाई स्कूल में 29 नवम्बर से 1 दिसम्बर तक तीन दिवसीय गीता जयन्ती के कार्यक्रम आयोजित होंगे। इस गीता जयन्ती को चार चांद लगाने के लिए पंजाब के बेहतरीन सूफी गायक कंवर गरेवाल पहुंच रहे हैं। इस दौरान गीता महायज्ञ, सांस्कृतिक कार्यक्रम, श्रीमद्भगवद् गीता, नगर शोभा यात्रा, दीप उत्सव, गीता आरती और बच्चों के बीच कई प्रकार की प्रतियोगिताएं करवाई जाएगी। एसडीएम पंकज सेतिया बुधवार को उपमंडल अधिकारी कार्यालय में गीता जयन्ती समारोह को लेकर गणमान्य नागरिकों और अधिकारियों के साथ आयोजित एक बैठक में चर्चा कर रहे थे। इस दौरान मार्किट कमेटी चेयरमैन डॉ गणेश दत्त, नगर पालिका चेयरपर्सन साक्षी खुराना, मंडल अध्यक्ष शिव गुप्ता भी मौजूद रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए गणमान्य नागरिकों से सुझाव लिए गए और अधिकारियों को व्यवस्थाएं शुरू करने के लिए कुछ आवश्यक निर्देश भी दिए। इस मौके पर तहसीलदार नवम धानिया, एसएचओ जगदीश चंद, नायब तहसीलदार बलकार सिंह, एआईपीआरओ केदार शर्मा, मार्केट कमेटी चेयरमैन गणेश दत्त, नगर पालिका चेयरपर्सन साक्षी खुराना, नगर पालिका सचिव नीरज सैनी, बीडीपीओ रूबल, बीडीपीओ लाडवा विनोद आदि मौजूद रहे।

**कार्यक्रम** | 10वें अंतरराष्ट्रीय गीता सम्मेलन 2025 का हुआ समापन

# गीता को समझना है तो अर्जुन बनना पड़ेगा: कानिटकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

यदि गीता को समझना है तो स्वयं अर्जुन बनना होगा क्योंकि जिस प्रकार अर्जुन का मन विषादों से घिरा हुआ था उसी प्रकार आज प्रत्येक व्यक्ति का मन भिन्न-भिन्न विषादों से घिरा है। गीता का अर्थ है स्वधर्म अर्थात मेरा धर्म क्या है। स्वयं को जानना ही स्वधर्म है। जिसने अपने स्वधर्म को जान लिया उसने अपने जीवन की सार्थकता को सिद्ध कर लिया। यह विचार राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की विमर्श टोली के सदस्य मुकुल कानिटकर ने बुधवार को सीनेट हाल में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, विदेश मंत्रालय और कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के संयुक्त तत्वावधान में श्रीमद्भगवद्गीतोक्त स्वधर्मः कर्तव्यनिष्ठा, शांति, सद्भावना एवं स्वदेशी की प्रेरणा विषय पर आयोजित 10वें अंतर्राष्ट्रीय गीता सम्मेलन 2025 के समापन अवसर मुख्य वक्ता के तौर पर व्यक्त किए। समापन अवसर पर प्रतिभागियों को सर्वश्रेष्ठ शोध पत्र पुरस्कार और सम्मेलन के लिए बनाई गई कमेटियों के संयोजक व सदस्यों को प्रमाणपत्र वितरित किए गए। मुकुल कानिटकर ने कहा कि आप जैसा चाहते हो जीवन में वैसा ही करना चाहिए। अनंत संभावनाओं का नाम मनुष्य है।



**कुरुक्षेत्र।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की विमर्श टोली के सदस्य मुकुल कानिटकर को स्मृति चिहन भेंट करते कुलपति प्रो . सोमनाथ सचदेवा।

### धर्म का पालन करना श्रेयस्करः सचदेवा

तीन दिनों तक चलने वाले सम्मेलन के समापन सत्र की अध्यक्षता करते हुए व मुख्य वक्ता का स्वागत करते हुए कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि स्वधर्म का अर्थ है कि हमें जीवन में वह कार्य करना चाहिए जिससे हमें सफलता मिलती है। उसी कार्य में फल भी ज्यादा मिलता है। अपने धर्म का पालन करना श्रेयस्कर है। यही गीता कहती है। लोगों के कल्याण के लिए कार्य करना चाहिए और निष्काम कर्म करते हुए अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ना चाहिए। हर रूकावटों व चुनौतियों से पार पाने का रास्ता गीता में है। कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि व्यक्ति को अपने मन पर नियंत्रण करना चाहिए। सबसे ज्यादा आवश्यकता युवा पीढ़ी को है जो अपना अधिकतम समय मोबाइल पर व्यतीत कर रही है। वह अपने पर नियंत्रण करें और अपने उद्देश्य के लिए मोबाइल का प्रयोग करें न कि समय व्यतीत करने के लिए। उन्होंने कहा कि व्यक्ति को पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ सात्विक जीवन अपनाना चाहिए और गीता को आत्मसात करते हुए जीवन में आगे बढ़ना चाहिए। मंच का संचालन डॉ. निधि माथुर ने किया। प्रो. वनिता ढींगरा, उप निदेशक, आईजीसी-2025 ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल, डीन ऑफ कॉलेजिज प्रो. ब्रजेश साहनी, सम्मेलन निदेशक प्रो. तेजेन्द्र शर्मा, प्रो. मंजुला चौधरी, प्रो. अवनेश वर्मा, डॉ. प्रीतम सिंह, डॉ. हरदीप शर्मा, लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया, उप-निदेशक डॉ. जिम्मी शर्मा, डॉ. आनंद कुमार, डॉ. सलोनी दिवान, डॉ. कुशविन्द्र कौर, डॉ. सीडीएस कौशल, डॉ. गुरचरण सिंह, डॉ. सुशील टाया सहित शिक्षक, शोधार्थी मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### महिलाओं को किया जागरूक

**अंबाला।** पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत के निर्देशानुसार पुलिस द्वारा चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के तहत आमजन को नशे से होने वाले दुष्प्रभावों, यातायात के नियमों, महिला सुरक्षा, महिलाओं के अधिकारों व साइबर अपराध बारे जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को थाना नारायणगढ़ ने थाना क्षेत्र बस स्टैंड पर महिलाओं व छात्राओं को थाना महिला प्रबंधक महिला सुरक्षा, महिला विरूद्ध अपराधों की रोकथाम, आत्म सुरक्षा, साईबर अपराध से बचाव, स्वच्छता, पौधारोपण, नशा मुक्ति जागरूकता अभियान, रक्तदान व यातायात के नियमों की जानकारी दी।

### नागरिकों के अधिकार तय करता है संविधान

**बराड़ा।** संत मोहन सिंह खालसा लबाना गर्ल्स कॉलेज में संविधान दिवस के उपलक्ष्य में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कॉलेज प्राचार्या डॉ. दलजीत कौर विर्क के दिशा-निर्देशन एवं अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ. सुषमा रानी के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में एनएसएस स्वयं सेविकाओं को जिम्मेदार नागरिक बनने और संविधान के नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्या डॉ. दलजीत कौर विर्क ने कहा कि भारतीय संविधान देश के प्रत्येक नागरिक के अधिकार और कर्तव्यों को निर्धारित करता है, इसलिए सभी को इसके प्रति जागरूक रहते हुए पालन करना चाहिए। उन्होंने संविधान निर्माण में डॉ. भीमराव अंबेडकर तथा संविधान सभा के अन्य सदस्यों के योगदान को याद करते हुए कहा कि उनके प्रयासों से सभी नागरिकों को मूलभूत अधिकार और कर्तव्य मिले हैं। इस अवसर पर छात्राओं ने भी देश के प्रति अपनी कर्तव्यनिष्ठा व्यक्त की। कार्यक्रम में कॉलेज का पूरा स्टाफ उपस्थित रहा।

### शिक्षकों ने बाबा साहेब को किया नमन

**शहजादपुर।** राजकीय आईटीआई भारांपुर में संविधान दिवस बड़े ही उत्साह एवं गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं स्टाफ को भारतीय संविधान के मूल्यों, सिद्धांतों तथा महत्व से अवगत कराना था। समारोह की शुरुआत कुलदीप अधीक्षक, राकेश कुमार प्लेसमेंट अधिकारी व संस्थान के अन्य कर्मचारियों द्वारा संविधान निर्माता डॉ. बाबा साहब भीम राव अंबेड़कर को नमन करते हुए की गई। इसके बाद सभी उपस्थित छात्र -छात्राओं, शिक्षक एवं कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने संविधान में निहित मौलिक अधिकारों, कर्तव्यों और लोकतांत्रिक मूल्यों पर प्रकाश डाला। विद्यार्थियों ने संविधान से संबंधित भाषण एवं निबंध लेखन में उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# सांसद खेल महोत्सव के जरिए खिलाड़ियों को दिया जा रहा बेहतर प्लेटफोर्म, निखर रहीं प्रदेश की प्रतिभाएं

**खेल राज्यमंत्री गौरव गौतम बोले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के हर कौने में आयोजित किए जा रहे हैं खेल महोत्सव**

हरिभूमि न्यू ▶▶| अंबाला





अंबाला । दौड़ प्रतियोगिता में हिस्सा लेते खिलाड़ी व खिलाड़ियों के साथ खेल राज्यमंत्री मंत्री व अन्य।

खेल, युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता तथा कानूनी विधायी राज्य मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के हर कौने में सांसद खेल महोत्सव के तहत प्रतियोगिताओं के माध्यम से खिलाडिय़ों को बेहतर प्लेटफार्म देने का काम किया जा रहा है। खिलाड़ी भी अपनी प्रतिभा को निखारते हुए अपने समाज, शहर व प्रदेश के साथ-साथ देश का नाम रोशन कर रहे हैं। खेल राज्यमंत्री बुधवार को अंबाला शहर के सेक्टर 10 स्थित खेल स्टेडियम में सांसद खेल महोत्सव कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा ने की तथा कार्यक्रम में पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल व मनदीप राणा भी विशेष तौर पर शिरकत की। खेल राज्यमंत्री ने कहा कि पूरी दुनिया में हरियाणा को खेलों के नाम से जाना जाता है। खेल मतलब यानि हरियाणा, हरियाणा मतलब खेल। पूरे देश की जो आबादी है उसमें दो प्रतिशत आबादी हरियाणा की है। लेकिन आधे से ज्यादा मेडल प्रदेश के खिलाड़ी हासिल करते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि पूरे देश में हमारी खेल नीति सबसे बेहतर है। प्रदेश सरकार खिलाडिय़ों को प्रोत्साहन देने में, नौकरी देने में सबसे आगे है। अन्य राज्य भी हमारी खेल नीति का अनुसरण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा खिलाडियों को बेहतर से बेहतर सुविधा देने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सांसद खेल महोत्सव हर वर्ष होते हैं और इस खेल महोत्सव के माध्यम से खिलाडियों को जीवन में आगे बढने के लिए प्लेटफार्म मिलता है। उन्होने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी खिलाडियों को अपना आशीर्वाद देते हुए कहा कि आगे जो भी खेल जैसे ऑलंपिक, एशियन या अन्य हों उसमें यहां के खिलाडी भी आगे आकर निकलें। उन्होंने इस मौके पर सांसद खेल महोत्सव की गतिविधियों के लिए दो लाख रूपए देने की भी घोषणा की। उन्होंने यह भी कहा कि खेल स्टेडियम सेक्टर 10 से संबंधित जो भी खेल सुविधाएं चाहिएं वह सभी सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए मंत्री ने कहा कि रोहतक स्थित नर्सरी में खिलाडी की जो मृत्यु हुई है वह विभाग के साथ-साथ परिवार के लिए बहुत बड़ी क्षति है। इस मामले में जिस भी विभाग या अन्य की लापरवाही सामने आई उस पर नियमानुसार सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इस अवसर पर पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल नन्यौला ने भी खेल राज्यमंत्री गौरव गौतम व राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा का स्वागत करते हुए कहा कि पीएम का विजन है कि शिक्षा के साथ-साथ खेलों को खेल भावना से खेलना, पूरी लग्न से खेलना और शरीर को सुदृढ़ बनाना है। फिट इंडिया मूवमेंट के माध्यम से अनूठे कार्यक्रम किए जा रहे हैं जिसके सार्थक परिणाम सामने आ रहे हैं।

**ये रहे मौजूद**

*इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष मनदीप राणा, खेल विभाग के उप निदेशक कविता रानी, गुरविंद्र सिंह, दिनेश लदाना, मार्केट कमेटी के चेयरमैन जसविंद्र उगाड़ा, मार्केट कमेटी के चेयरमैन जसमेर राणा, जिला महामंत्री विवेक गुप्ता, कर्मचंद गोल्डी, अनमोल सोबती, अर्पित अग्रवाल, उपाध्यक्ष संदीप सैनी, प्रभु दयाल गोयल, रमेश पाल नोहनी, अनुभव अग्रवाल, हरीश शर्मा, सुंदर ढींगरा, हैप्पी शर्मा, रवि राणा दुखेडी, यतिन बंसल, जिला खेल अधिकारी राम स्वरूप, जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालडा के साथ-साथ अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।*

## डीइओ बोले, विकसित भारत के सपने को साकार करने में हर शिक्षक निभाएगा अहम भूमिका

# 31 स्कूलों के 930 बच्चों को मिलेगी फ्री कोचिंग, तीन को स्क्रीनिंग टेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला । मीटिंग के दौरान डीईओ सुधीर कालड़ा व अन्य शिक्षक।

सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चे अब इंटरनेशनल गणित ओलंपियाड की तैयारी भी कर पाएंगे। इसके लिए बच्चों को बाकायदा निशुल्क कोचिंग भी मिलेगी। कोचिंग देने का कार्य स्कूलों में इन बच्चों को पढ़ाने वाले गणित पीजीटी ही करेंगे। अभी यह योजना जिले के 31 राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों में शुरू की गई है जो आने वाले दिनों में जिले के सभी स्कूलों में लागू की जा सकती है। सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को इंटरनेशनल एवं हरियाणा गणित ओलंपियाड की परीक्षाओं के लिए तैयार करने के उद्देश्य से बुधवार को जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा की अध्यक्षता में जिला शिक्षा सदन में एक विशेष कार्यशाला का आयोजन भी किया गया, जिसमें इस कार्य के लिए विशेष तौर पर गठित जिला की गणित ओलंपियाड कोर टीम के सभी सदस्य एवं चयनित 31 राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों से आए गणित प्रवक्ताओं ने भाग लिया। इस विशेष कार्यशाला के आयोजन का मुख्य उद्देश्य गणित ओलंपियाड कार्यक्रम की सम्पूर्ण रूपरेखा एवं प्रक्रिया को अच्छे से अवगत करवाना था। सुधीर कालड़ा ने स्कूलों में धरातल पर आईएमओ एवं एचएमओ कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन पर विशेष बल दिया। उन्होंने गणित ओलंपियाड प्रोग्राम की सम्पूर्ण रूपरेखा पर चर्चा के साथ-साथ सभी से अपेक्षा की वह सभी सच्चे मन एवं परिश्रम से अपने विद्यालय में सभी विद्यार्थियों को इस परीक्षा में चयन हेतु अच्छे से तैयार करें एवं अंत में फीडबैक सेशन में प्रधानमंत्री के विकसित भारत-2047 के उद्देश्य एवं स्वप्न को पूरा करने के लिए सभी से आग्रह किया कि गणित पीजीटी प्रतिवर्ष अपने परीक्षा परिणाम शत–प्रतिशत देकर एवं प्रतिवर्ष कम से कम एक विद्यार्थी हरियाणा गणित ओलंपियाड और इंटरनेशनल गणित ओलंपियाड में चयन करवाकर विकसित भारत–2047 निर्माण में अपनी विशेष भूमिका निभाए। इस अवसर पर जिला गणित विशेषज्ञ सुशील अरोड़ा, डाइट मोहड़ा से विंग इंचार्ज अजय अग्रवाल, गणित प्रवक्ता राजेश कुमार व मनु अबरोल एवं जिले से मास्टर ट्रेनर के रूप में गणित प्राध्यापक सुमित गाबा, पंकज शर्मा व राजेश कुमार के साथ–साथ चयनित 31 विद्यालयों से गणित प्रवक्ता भी शामिल रहे। जिला गणित विशेषज्ञ सुशील अरोड़ा ने बताया कि जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा के मार्गदर्शन में जिले से 31 राजकीय विद्यालयों से लगभग 930 विद्यार्थियों को हरियाणा गणित ओलंपियाड एवं इंटरनेशनल गणित ओलंपियाड के लिए तैयार किए जाने की योजना है।

**रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया 20 से 26 नवंबर तक**

प्रत्येक विद्यालय से स्तर–1 में कक्षा 7वीं, 8वीं व 9वीं के 15 विद्यार्थी एवं स्तर–2 में कक्षा 10वीं, 11वीं व 12वीं के 15 विद्यार्थियों यानि प्रत्येक विद्यालय से लगभग 30 विद्यार्थियों को गणित ओलंपियाड की इन परीक्षाओं के लिए तैयार किया जाएगा। इन सभी विद्यार्थियों के चयन हेतु भी 3 दिसंबर को जिला स्तर का स्क्रीनिंग टेस्ट का भी आयोजन किया जाएगा। रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया 20 से 26 नवंबर तक चलेगी। स्क्रीनिंग टेस्ट का परिणाम 4 दिसंबर को घोषित किया जाएगा एवं 8 दिसंबर से चयनित विद्यार्थियों की ओलंपियाड परीक्षा की विशेष तैयारी हेतु प्रति सप्ताह 2–2 कक्षाएं भी लगाई जाएंगी।




अंबाला । पीएम नरेंद्र मोदी का अभिनंदन करते पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल व अन्य अधिकारी।

# एयरफोर्स स्टेशन पर पीएम मोदी का भव्य अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

**यहीं से वे कुरूक्षेत्र में श्री गुरू तेग बहादुर के 350 वें शहीदी दिवस पर आयोजित समागम में व अंतराष्ट्रीय गीता जंयती महोत्सव पर आयोजित कार्यक्रम के लिए रवाना हुए**

देश के माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारतीय वायु सेना के विशेष विमान से अंबाला छावनी एयरफोर्स स्टेशन पहुंचे। यहां पहुंचने पर स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल, पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल नन्यौला, जिला परिषद के चेयरमैन मक्खन, उपायुक्त अजय सिंह तोमर, पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत व नगर परिषद की अध्यक्ष स्वर्णजीत कौर ने स्वागत किया। बता दें कि प्रधानमंत्री हवाई मार्ग के माध्यम से यहां पहुंचे थे। यहीं से वे ज्योतिसर कुरूक्षेत्र में श्री गुरू तेग बहादुर के 350 वें शहीदी दिवस पर आयोजित समागम में व अंतराष्ट्रीय गीता जंयती महोत्सव पर आयोजित कार्यक्रम के लिए रवाना हुए। इस मौके पर सीईओ जिला परिषद गगनदीप, एसडीएम विनेश कुमार, एसडीएम दर्शन कुमार, नगर निगम के सयुक्त आयुक्त पुनीत कुमार, तहसीलदार आदित्य रंगा, एडीआईओ शुभभ जोधा भी मौजूद रहे।

### संविधान की प्रस्तावना की शपथ ली



**नारायणगढ़।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राजनीति विज्ञान विभाग व एनएसएस द्वारा संविधान दिवस के उपलक्ष में एक संविधान की प्रस्तावना की शपथ का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्राचार्य ने विद्यार्थियों को संविधान के मूल्य व उसके उद्देश्यों को समझने के लिए प्रेरित किया और समानता की भावना विकसित करने का आह्वान किया संविधान की प्रस्तावना की शपथ डॉ. जगदीप सिंह के द्वारा दिलवाई गई। इस मौके पर एन एस एस के कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर सुमन, प्रोफेसर शुभम और अन्य सभी स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

### छात्रों ने संवैधानिक मूल्यों की शपथ ली

**बराड़ा।** डीएवी पब्लिक स्कूल में बुधवार को संविधान दिवस बड़े उत्साह और गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम में कक्षा 10वीं, 11वीं और 12वीं के विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारी करते हुए भारत के संवैधानिक मूल्यों एवं मूल कर्तव्यों पर आधारित विभिन्न गतिविधियों में हिस्सा लिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण शपथ ग्रहण समारोह रहा, जिसमें विद्यार्थियों ने संविधान का सम्मान करने तथा राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन करने की शपथ ली।

# संविधान बनाता है आदर्श नागरिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर



शहजादपुर। संविधान की शपथ लेती छात्राएं व शिक्षक।

राजकीय महिला महाविद्यालय में संविधान दिवस बड़े उत्साह व गरिमा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रांगण में छात्राओं तथा प्राध्यापकों द्वारा संविधान की प्रस्तावना का समूह वाचन किया गया। प्रस्तावना वाचन के दौरान सभी छात्राओं ने संविधान की भावना, एकता, समानता, न्याय और स्वतंत्रता के सिद्धांतों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम में राजनीति शास्त्र विभाग की प्राध्यापिका प्रो. वनिता शर्मा ने छात्राओं को संविधान में वर्णित मौलिक अधिकारों, मौलिक कर्तव्यों तथा नागरिक दायित्वों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि संविधान केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि राष्ट्र के निर्माण का आधार है, जो प्रत्येक नागरिक को आदर्श नागरिक बनने की प्रेरणा देता है।

**छात्राओं से आह्वान**

*कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कश्मीर सिंह ने की। उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारत का संविधान विश्व का सबसे विस्तृत और लोकतांत्रिक संविधान है। उन्होंने छात्राओं से आह्वान किया कि वे अपने अधिकारों के प्रति सजग रहें और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय सहभागिता निभाएं।*

# संविधान बचाने की मांग, कांग्रेसियों ने डीसी ऑफिस पर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला । डीसी ऑफिस में एकजुट कांग्रेसी नेता व कार्यकर्ता।

संविधान बचाने की मांग को लेकर कांग्रेस ने बुधवार को डीसी ऑफिस में प्रदर्शन किया। इस दौरान राष्ट्रपति के ज्ञापन भी सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया कि केंद्र की भाजपा सरकार संवैधानिक ढांचे को कमजोर करने का काम कर रही है। इसलिए राष्ट्रपति से हस्तक्षेप की मांग की गई। हरियाणा कांग्रेस अनुशासन समिति के सदस्य सचिव एडवोकेट रोहित जैन, अंबाला शहरी अध्यक्ष पवन अग्रवाल और अंबाला कैंट अध्यक्ष परविंद्र सिंह परी ने कहा कि कांग्रेस संविधान बचाने के लिए संघर्ष कर रही है। एडवोकेट रोहित जैन ने कहा कि 26 नवंबर 1949 को भारत के लिए नया संविधान स्वीकार किया गया था। जो 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ। भाजपा संविधान की धज्जियां उड़ा रही है। इसी वजह से कांग्रेस इस ऐतिहासिक दिन को संविधान बचाओ दिवस के रूप में मना रही है। पवन अग्रवाल ने कहा कि संविधान दिवस पर हम संविधान बचाने की मांग लेकर आए हैं। भाजपा सरकार का हर कदम संविधान की मूल भावना पर हमला है, जिसे देशवासी बर्दाश्त नहीं करेंगे। कांग्रेस अंबाला कैंट के अध्यक्ष परविंदर सिंह परी ने कहा कि भाजपा हमेशा वोटों की चोरी कर सरकार बनाती है, जो लोकतंत्र की हत्या के समान है। भाजपा और चुनाव आयोग मिलकर एसआईआर कार्यक्रम चला रहे हैं, जिसके तहत कांग्रेस के वोट काटे जा रहे हैं और भाजपा के वोट जोड़कर राजनीतिक लाभ उठाया जा रहा है। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि कांग्रेस ऐसे किसी भी प्रयास को सफल नहीं होने देगी। कांग्रेस अब देश की आवाज बनेगी और लोकतंत्र को बचाने के लिए हर मोर्चे पर लड़ाई लड़ेगी। जनता अब जाग चुकी है और भाजपा की चालें काम नहीं आएंगी।

**निर्देश** हरियाणा राज्य बाल संरक्षण आयोग के सदस्य ने जारी किए आदेश

# निजी प्लेवे स्कूलों का पंजीकरण जरूरी शोषण से जुड़ी शिकायत पर हो कार्रवाई

**बच्चों की सुरक्षा व निजी संस्थाओं की समीक्षा के लिए बैठक**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला । मीटिंग के दौरान मौजूद प्लेवे स्कूल संचालक व अधिकारी।

हरियाणा राज्य बाल संरक्षण आयोग के सदस्य श्याम शुक्ला ने प्लेवे स्कूलों के संचालकों को स्कूल पंजीकरण और बच्चों की सुरक्षा को लेकर जरुरी निर्देश दिए। इस सिलसिले में अंबाला शहर के शिक्षा सदन में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ शुक्ला की जिला स्तरीय बैठक हुई। शुक्ला ने कहा कि जो प्राइवेट प्लेवे स्कूल जिले के शहर व गांवों में चल रहे हैं उनका पंजीकरण करवाना अनिवार्य है। उन्होंने बच्चों की सुरक्षा और उनके अधिकारों की रक्षा और निजी संस्थाओं व एजेंसियों की गतिविधियों की समीक्षा के लिए अधिकारियों की भी बैठक ली।

उन्होंने कहा कि अगर किसी विद्यालय में बच्चों के शोषण से संबंधित कोई मामला संज्ञान में आता है तो उस तत्काल कार्रवाई करके जिला बाल कल्याण समिति को सूचित करें। बच्चों की सुरक्षा व उनके अधिकारो की रक्षा करना हमारी प्राथमिकता है। उसी को पूरा करने के लिए आयोग तत्परता से कार्य कर रहा है। उन्होंने बाल परियोजना अधिकारियों व सुपरवाइजरों को निर्देश देते हुए कहा कि वे अपने-अपने क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले प्लेवे स्कूलों का पंजीकरण सभी खंड शिक्षा अधिकारी, बीईओ व जिला बाल संरक्षण ईकाई के सहयोग से करें। सरकार की गाइडलाईन के मुताबिक सभी शर्ते पूरी करते हुए ऑनलाईन प्रक्रिया के माध्यम से wwwsaral-haryana.gov.in पर स्कूल के पंजीकरण के लिए आवेदन करें। यह प्रक्रिया बिल्कुल सरल है। अगर स्कूल ऑनलाईन प्रक्रिया से आवेदन करता है तो इस प्रक्रिया का रिजल्ट 30 दिन के अंदर दिखाई देगा। उन्होंने कहा कि इस मीटिंग का उद्देश्य है कि हम आमने-सामने बैठकर रजिस्टर में आ रही दिक्कतों व परेशानियों को दूर कर सकें। जिन स्कूलों ने अभी तक पंजीकरण नहीं करवाया, उन्हें अवेयर करें ताकि ज्यादा से ज्यादा प्राइवेट प्लेवे स्कूलों का पंजीकरण हो सके। उन्होंने इस बैठक में आए हुए प्राइवेट प्लेवे स्कूलों के संचालकों को आश्वासन दिया कि पंजीकरण प्रक्रिया में आयोग व विभागीय अधिकारियों को उन्हें पूरा सहयोग रहेगा।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी मनीषा गागट, डीसीपीओ ममता, सीडब्ल्यूसी चेयरपर्सन रंजीता व सभी खंड शिक्षा अधिकारी, आंगनवाडी सुपरवाइजर तथा सभी पंजीकृत प्राईवेट प्लेवे स्कूलों के संचालक मौजूद रहे।